गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, इंडिया
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE: +91 11 26182955
फैक्स/FAX: +91 11 26185941
ई–मेल/E-mail: info@gail.co.in

एनडी/गेल/सेक्ट/2025

02.04.2025

| | |
|---|---|
| लिस्टिन्ग अनुपालन<br>नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड<br>एक्सचेंज प्लाजा, 5वीं मंजिल,<br>प्लॉट सं. सी/1, जी ब्लॉक,<br>बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व)<br>मुंबई-400 051<br>**स्क्रिप कोड – गेल- ईक्यू** | लिस्टिन्ग अनुपालन<br>बीएसई लिमिटेड<br>फ्लोर 1, फिरोज जीजीभॉय टॉवर्स,<br>दलाल स्ट्रीट,<br>मुंबई- 400001<br><br>**स्क्रिप कोड: 532155** |

**विषय: स्वतंत्र निदेशक(कों) की नियुक्ति**

महोदय/महोदया,

यह उपर्युक्त विषय के संबंध में हमारे दिनांक 28.03.2025 के सम संख्यक पत्र के अनुक्रम में है। निम्नलिखित चार गैर-सरकारी स्वतंत्र निदेशकों से संबंधित सूचना निम्नानुसार है -

1. श्री अखिलेश जैन
2. श्री संजय कश्यप
3. श्रीमती कंगबम इनोचा देवी
4. श्री यजुर्वेन्द्र अनिल महाजन

**श्री अखिलेश जैन**

**अ) <u>संक्षिप्त परिचय:-</u>**

श्री अखिलेश जैन वाणिज्य एवं एलएलबी में स्नातकोत्तर और इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के फेलो सदस्य हैं। 22 वर्षों से अधिक के प्रोफेशनल करियर में उन्होंने सार्वजनिक क्षेत्र की विभिन्न कंपनियों, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, सहकारी क्षेत्र, निजी क्षेत्र की कंपनियों, रक्षा इकाइयों और अन्य प्रकार के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को लेखा परीक्षा, कंपनी के विधि संबंधी मामलों, आयकर मामलों और अन्य राजकोषीय कानूनों में परामर्शदायी सेवाएं प्रदान की हैं।

आ) निदेशकों के बीच संबंधों का प्रकटीकरण:-

श्री अखिलेश जैन का कंपनी के अन्य निदेशक(कों) के साथ कोई संबंध नहीं है।

इ) इसके अलावा, यह नोट किया जाए कि श्री अखिलेश जैन को सेबी/कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय या किसी अन्य प्राधिकरण के किसी आदेश के आधार पर निदेशक का पद धारण करने से वंचित नहीं किया गया है।

**श्री संजय कश्यप**

**अ) <u>संक्षिप्त परिचय:-</u>**

श्री संजय कश्यप विभिन्न विश्वविद्यालयों और सुप्रसिद्ध संस्थानों से प्रबंधन, समाजशास्त्र, पर्यावरण और प्रशिक्षण एवं विकास में स्नातकोत्तर हैं। वह विज्ञान और विधि में स्नातक भी हैं। 22 वर्षों से अधिक के प्रोफेशनल करियर में उन्होंने आपराधिक, सिविल, पर्यावरण और उपभोक्ता संबंधी मामलों में जिला सिविल न्यायालय, गाजियाबाद में अधिवक्ता के रूप में विधि संबंधी परामर्श के क्षेत्र में सेवाएं प्रदान की हैं। इसके अलावा श्री संजय कश्यप की एक और अनूठी पहचान है कि उन्हें देशभर में वॉटर से जुड़े मामलों में विशेषज्ञता प्राप्त है।

**आ) <u>निदेशकों के बीच संबंधों का प्रकटीकरण:-</u>**

श्री संजय कश्यप का कंपनी के अन्य निदेशक(कों) के साथ कोई संबंध नहीं है।

**इ)** इसके अलावा, यह नोट किया जाए कि श्री संजय कश्यप को सेबी/कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय या किसी अन्य प्राधिकरण के किसी आदेश के आधार पर निदेशक का पद धारण करने से वंचित नहीं किया गया है।

**श्रीमती कंगबम इनोचा देवी**

**अ) <u>संक्षिप्त परिचय:-</u>**

श्रीमती कांगबम इनोचा देवी मणिपुर की एक प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता हैं। उन्होंने सोशल वर्क में स्नातकोत्तर किया है। उन्होंने अपने जीवन के लगभग 15 वर्ष समाज के लिए समर्पित किए हैं। उन्होंने जिला परिषद सदस्य और प्रधान के रूप में कार्य किया है। उन्होंने सार्वजनिक क्षेत्र में कई पहलों को सफलतापूर्वक संपन्न किया है और समाज के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक सशक्तिकरण की दिशा में लगातार प्रयास कर रही हैं।

**आ) <u>निदेशकों के बीच संबंधों का प्रकटीकरण:-</u>**

श्रीमती कांगबम इनोचा देवी का कंपनी के अन्य निदेशक (निदेशकों) के साथ कोई संबंध नहीं है।

**इ)** इसके अलावा, यह नोट किया जाए कि श्रीमती कांगबम इनोचा देवी को सेबी/कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय या किसी अन्य प्राधिकरण के किसी भी आदेश के आधार पर निदेशक का पद धारण करने से वंचित नहीं किया गया है।

**श्री यजुर्वेन्द्र अनिल महाजन**

**अ) <u>संक्षिप्त परिचय:-</u>**

दीपस्तंभ फाउंडेशन के संस्थापक श्री यजुर्वेन्द्र अनिल महाजन एक शिक्षाविद तथा सामाजिक कार्यकर्ता हैं जो समाज के वंचित वर्गों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। श्री यजुर्वेन्द्र राष्ट्रीय दिव्यांग कल्याण समिति और भारतीय राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य भी हैं।

वह एक करियर काउंसलर, टीचर ट्रेनर और पर्सनालिटी डेवलपमेंट ट्रेनर हैं। वह महाराष्ट्र के सुविख्यात और प्रेरणादायक वक्ताओं में से एक हैं एवं उन्होंने प्रतियोगी परीक्षा, करियर तथा व्यक्तित्व विकास, पितृत्व, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आदि विषयों पर 10 लाख छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को 2000 से अधिक उपदेशपूर्ण भाषण दिए हैं। उन्होंने अभ्यासमित्र, करियरमित्र और स्पर्श परीक्षा आत्मविश्वास जैसी पुस्तकें लिखी हैं। उन्होंने 2001 में पुणे विश्वविद्यालय से अंग्रेजी भाषाविज्ञान में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम पूरा किया है।

**आ) <u>निदेशकों के बीच संबंधों का प्रकटीकरण:-</u>**

श्री यजुर्वेन्द्र अनिल महाजन का कंपनी के अन्य निदेशक (निदेशकों) के साथ कोई संबंध नहीं है।

**इ)** इसके अलावा, यह ध्यान दिया जा सकता है कि श्री यजुर्वेन्द्र अनिल महाजन को सेबी/कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय या किसी अन्य प्राधिकरण के किसी भी आदेश के आधार पर निदेशक का पद धारण करने से वंचित नहीं किया गया है।

यह सेबी (सूचीकरण बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के अनुपालन में है ।

उपर्युक्त विवरण आपकी सूचना और रिकॉर्ड के लिए है।

धन्यवाद,

भवदीय,

महेश

**(महेश कुमार अग्रवाल)**
**कंपनी सचिव**

प्रति:

1. ड्यूश बैंक ए जी, फिलिआले मुंबई
   टीएसएस एंड ग्लोबल इक्विटी सर्विसेस
   द कैपिटल, 14वीं मंज़िल
   सी-70, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स
   मुम्बई-400051

ध्यानाकर्षण : सुश्री बिजल पटेल

2. लंदन स्टॉक एक्सचेंज,
   रेग्यूलेटरी न्यूज़ सर्विस डिपार्टमेंट (आरएनएस)
   10, पैटरनोस्टर स्क्वायर, लंदन EC4M7LS

**एवीएस सं.- 528173**